**विवरण**

| देश | उत्पादन की लागत | |
|---|---|---|
| | अमरीकी डालर प्रति टन | रु०/टन |
| य० के० . . . . . | 68.80 | 873.10 |
| बैलजियम . . . . . | 71.00 | 901.02 |
| एफ० आर० जर्मनी . . . . | 114.20 | 1449.24 |
| पोलैंड . . . . . | 29.00 | 368.02 |
| भारत (को०इं० लि०) . . . | — | 221.54 |

**नयी कोयला परियोजनाओं द्वारा कोयले का उत्पादन**

3846. **श्री राम जेठमलानी :**
**सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :**

क्या **कोयला** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान नई परियोजनाओं को आरम्भ करके कोयले के उत्पादन में परियोजना-वार कितनी वृद्धि की गई है ;

(ख) तीन वर्षों से भी पहले से मौजूद परियोजनाओं के वार्षिक उत्पादन में कितनी-कितनी वृद्धि हुई है; और

(ग) वर्ष 1991-92 के दौरान इन सभी परियोजनाओं द्वारा कुल कितनी मात्रा में कोयले का उत्पादन किए जाने की संभावना है तथा यह देश की वार्षिक आवश्यकता का कितना प्रतिशत है ?

**कोयला मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री एस० बी० नयमेगौड़ा)** :(क) वर्ष 1988-89, 1989-90 और 1990-91 के दौरान अखिल भारतीय कोयले का उत्पादन क्रमश: 194.60 मि० टन, 200.89 मि० टन और 211.73 मि० टन हुआ। इस अवधि के दौरान 2.0 करोड़ रु० और इससे अधिक की लागत वाली 101 कोयला खनन परियोजनाओं को मंजूरी दी गई और वर्ष 1990-91 के दौरान इन परियोजनाओं ने लगभग 7.8 मि० टन कोयले का उत्पादन किया।

(ख) वर्ष 1988-89 से 1990-91 की अवधि के दौरान पूरी की गई और चालू कोयला परियोजनाओं से हुए उत्पादन के आंकड़े नीचे दिए गए हैं :—

| | | |
|---|---|---|
| 1988-89 . | 130.19 | मिलियन टन |
| 1989-90 . | 145.15 | मिलियन टन |
| 1990-91 . | 156.69 | मिलियन टन |

(ग) चालू वर्ष 1991-92 के दौरान पूरी की गई और चालू परियोजनाओं से लगभग 174 मि० टन उत्पादन होने की संभावना है अर्थात् चालू वर्ष के 220 मि० टन उत्पादन लक्ष्य का यह 76% होगा।

**साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड को घाटा**

3847. **सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :**
**श्री राम जेठमलानी :**

क्या **कोयला** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड गत कुछ

वर्षों से हर वर्ष घाटे का सामना कर रही है ;

(ख) 1991-92 के आरम्भ में उपक्रम का कुल पूंजी निवेश कितना था ;

(ग) उपक्रम द्वारा औसत रूप से हर वर्ष कितना नुकसान सहन किया जा रहा है ; और

(घ) उपक्रम द्वारा किये जा रहे कोयले के उत्पादन की प्रति टन अनुमानित लागत क्या है और कोयला उत्पादन लागत के राष्ट्रीय औसत की तुलना में यह राशि कितनी है ?

**कोयला मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री एस० बी० नयमेगौड़ा)** : (क) साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लि० कोयला मूल्य विनियमन लेखा (सी०पी०आर०ए०) को अंशदान किए जाने के बाद पिछले कुछ वर्षों से घाटा उठा रहा है। सी०पी० आर०ए० को अंशदान दिए जाने से पूर्व उक्त कंपनी लाभ कमा रही थी।

(ख) 1-4-1991 की स्थिति के अनुसार मूल्यह्रास (सकल ब्लाक) से पूर्व सा०ई०को०लि० का कुल पूंजीगत निवेश 1791.34 करोड़ रु० की राशि का था।

(ग) सी०पी०आर०ए० को अंशदान दिए जाने के बाद पिछले 3 वर्षों के दौरान सा०ई०को०लि० को औसतन प्रतिवर्ष 33.56 करोड़ रु० की राशि का घाटा हुआ है।

(घ) सा० ई० को० लि० को वर्ष 1991-92 को कोयले के उत्पादन की बजटीय लागत 202.94 रु० प्रति टन थी जबकि इसकी तुलना में कोल इंडिया लि० के मामले में कोयले की औसतन बजटीय लागत 294.17 रु० प्रति टन है।

**जम्मू और कश्मीर में सीमा का अतिक्रमण**

@3848. **श्री केवल "उत्साही"** : क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान 12 दिसम्बर, 1991 के "दि टाइम्स आफ इंडिया" में प्रकाशित इस आशय के समाचार की ओर दिलाया गया है कि 11 फरवरी, 1984 को मेरे श्री मकबूल बट्ट की आठवीं बरसी मनाने के लिए जम्मू और कश्मीर मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता 11 फरवरी, 1992 को भारी संख्या में वास्तविक नियंत्रण रेखा को पार करेंगे, और

(ख) यदि हां, तो सरकार ने जम्मू और कश्मीर मुक्ति मोर्चा द्वारा यथा घोषित वास्तविक नियंत्रण रेखा का भारी संख्या में उल्लंघन किए जाने को रोकने के लिए क्या कदम उठाये थे और इस प्रक्रिया में कितने घुसपैठिये पकड़े गये अथवा मारे गये ?

**रक्षा मंत्री (श्री शरद पवार)** : (क) और (ख) हालांकि 11 फरवरी, 1992 को नियंत्रण रेखा को पार करने के लिए किए गए आह्वान की सरकार को जानकारी थी और किसी भी अतिक्रमण को रोकने के लिए पर्याप्त उपाय किए गए थे, परन्तु उस दिन नियंत्रण रेखा पार करने के वास्तव में कोई प्रयास नहीं किए गए। नियंत्रण रेखा तथा हमारी सीमाओं का किसी भी समय अतिक्रमण न होने देने के लिए पर्याप्त उपाय किए गए हैं।

**Cadre review of M.E.S. Staff by Finance Ministry**

@@3849. SHRI MOHD. KHALEELUR RAHMAN : Will the Minister of DEFENCE be pleased to state ;

(a) Whether it is a fact that the E-inC. Army Headquarters, new Delhi have

@Previously unstared Question 2125, transperred from the 11th March, 1992

@@Previously Unstarred Ouestion 2973 transferred from the 10th March, 1992.